66वीं राजस्थान राज्य सीनियर टेबिल टेनिस प्रतियोगिता

चर्चा में क्यों?

राजस्थान में अजमेर के मूलचंद चौहान इंडोर स्टेडियम में सात व आठ अगस्त को 66वीं राजस्थान राज्य सीनियर टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग के फाइनल में जयपुर की नंदिनी नागौरी ने अजमेर की राधिका शर्मा को हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में अजमेर के हर्ष श्रीवास्तव ने जयपुर के विवेक भार्गव को हराकर पुरुष वर्ग का खिताब जीता।
- दो दिवसीय प्रतियोगिता में जोधपुर, सिरोही, पाली, अलवर, बीकानेर, जयपुर, चुरू, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, जालौर, उदयपुर, गंगानगर, भरतपुर, दौसा व आयोजक अजमेर ज़िले के कुल 86 प्रतिस्पर्द्धियों ने लगभग 25 हज़ार रुपये की प्राइजमनी वाली प्रतियोगिता में अपने पैडल्स के कौशल का परिचय दिया।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय टेबिल टेनिस संघ तथा राजस्थान टेबिल टेनिस संघ देश व राज्य के उन चुनिंदा खेल संघों में से हैं, जिन्होंने सत्र 2020 तथा सत्र 2021 के भीषण वैश्विक महामारी के दौर में भी खिलाड़ियों व खेल के उत्साहवर्द्धक के लिये एसओपी का निर्वाहन करते हुए समस्त राज्य व राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिताएँ संपन्न करवाई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/66th-rajasthan-state-senior-table-tennis-competition